नोटिस बैनर | इग्नू : 21 जुलाई तक देशभर में आयोजित होगी जून सत्रांत परीक्षा

जेपी विश्वविद्यालय. स्नातक में नामांकन की रफ्तार बढ़ी, छह जुलाई है अंतिम तिथि

तिथि बढ़ने के बाद अब तक 14 हजार से अधिक विद्यार्थियों का हुआ दाखिला

प्रतिनिधि, छपरा

स्नातक सत्र 2026-30 के अंतर्गत दाखिले के लिए जारी की गयी पहली लिस्ट में शामिल छात्र-छात्राएं निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना नामांकन कराने के लिए कॉलेज पहुंच रहे हैं. चुकी नामांकन की तिथि विस्तारित की गयी है और अब नामांकन करने की अंतिम तिथि छह जुलाई तक निर्धारित कर दी गयी है. ऐसे में कॉलेज में नामांकन की अंतिम तिथि नजदीक आने से पहले बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पहुंच रहे हैं. अधिकतर कॉलेजों में सुबह से ही चहल-पहल दिख रही है.

नामांकन प्रक्रिया ने अब रफ्तार पकड़ ली है. 30 जून तक करीब नौ हजार छात्र-छात्राओं का ही दाखिला हो सका था. लेकिन तिथि विस्तारित किये जाने के बाद एक हजार से 1500 तक नामांकन प्रतिदिन हो रहा है. तीन जुलाई तक 14 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं के दाखिले की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है. पहली लिस्ट में करीब 23 हजार छात्र-छात्राओं का नाम जारी किया गया है. ऐसे में उम्मीद जतायी जा रही है कि छह जुलाई तक पहली लिस्ट में शामिल 70 से 80 फीसदी छात्र-छात्राओं के दाखिल की प्रक्रिया पूरी हो जायेगी. विश्वविद्यालय छात्र कल्याण विभाग ने छात्रों से अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित तिथि तक अपना नामांकन करा लें. चुकी पहले ही एक बार तिथि विस्तारित की जा चुकी है. ऐसे में अब छह जुलाई के बाद तिथि नहीं बढ़ायी जायेगी.

जेपीयू का प्रशासनिक भवन.

सभी कॉलजों में सुबह 10 बजे से संचालित हो रहा हेल्प डेस्क : नामांकन की पूरी प्रक्रिया विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर जारी की गयी है. हालांकि जो छात्र-छात्राएं नामांकन कराने कॉलेज पहुंच रहे हैं. उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए कॉलेजों में हेल्प डेस्क संचालित किया जा रहा है. इसके लिए कुलपति प्रो परमेन्द्र कुमार बाजपेई ने नामांकन शुरू होने से पहले ही निर्देश जारी किया था. सभी कॉलेजों में सुबह 10 बजे से शाम 4:30 बजे तक हेल्प डेस्क संचालित हो रहा है. जहां छात्रों को नामांकन फॉर्म सबमिट करने से संबंधित पूरी जानकारी दी जा रही है. जो छात्र-छात्राएं नामांकन कराने पहुंच रहे हैं. उनसे ऑनलाइन भरे हुए नामांकन फार्म की कॉपी अलॉटमेंट लेटर तथा सभी एकेडमिक कागजातों की छाया प्रति की मांग की जा रही है. वहीं ओरिजिनल कागजातों के साथ उसका मिलान किया जा रहा है. वेरिफिकेशन करने के उपरांत ही छात्रों को शुल्क जमा करने का ऑप्शन ऑनलाइन मोड में उपलब्ध कराया जा रहा है. जिसके बाद छात्र-छात्राएं शुल्क जमा कर दे रहे हैं. शुल्क जमा करने के बाद छात्रों को एक रसीद मिल रही है. इसकी प्रिंट निकालकर जब छात्र-छात्राएं संबंधित विभाग में सबमिट कर रहे हैं. तब वहीं से छात्रों को रोल नंबर भी अलॉट हो जा रहा है.

नामांकित छात्रों की चल रही है कक्षाएं

फाइनल लिस्ट में शामिल जिन छात्र-छात्राओं के नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गयी है. उनकी कक्षाएं भी निर्धारित शेड्यूल पर चल रही हैं. सभी कॉलेजों में वर्ग संचालन का शेड्यूल विभाग स्तर पर प्रकाशित किया गया है. जिन छात्र-छात्राओं का नामांकन हो गया है. उनका नंबर व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा जा रहा है. जिससे उन्हें वर्ग संचालन के शेड्यूल की जानकारी भी समय-समय पर प्राप्त होते रहे. एक जुलाई को सभी कॉलेजों में इंडक्शन सत्र आयोजित किया गया था. जिसमें नामांकित छात्रों को सिलेबस व पैटर्न की जानकारी दी गयी थी. साथ ही नये शैक्षणिक सत्र में हुए बदलावों से भी अवगत कराया गया था. सभी छात्र-छात्राओं से अपील की गयी है कि वह नियमित क्लास करने आयें.

गणित व अंग्रेजी के पेपर के साथ नौवीं और 10वीं की त्रैमासिक परीक्षा संपन्न

बड़हरिया. प्रखंड जीएम हाइस्कूल बड़हरिया में एक जुलाई से दो पालियों में चल रही त्रैमासिक परीक्षा शांतिपूर्ण, अनुशासित और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हो गयी. इस दौरान शुक्रवार को नौवीं और 10वीं कक्षा के करीब 550 विद्यार्थियों ने प्रथम पाली में गणित और द्वितीय पाली में अंग्रेजी की परीक्षा दी. इस मौके पर नौवीं कक्षा के 199 और 10वीं कक्षा के 330 विद्यार्थी इस त्रैमासिक परीक्षा में शामिल हुए. वहीं 12वीं कक्षा के 322 विद्यार्थियों ने प्रथम पाली में हिन्दी और द्वितीय पाली में अंग्रेजी की परीक्षा दी. प्रधानाध्यापक हरिशरण निराला ने बताया कि दोनों पालियों में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गयी. उन्होंने बताया कि परीक्षा संचालन में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय भूमिका निभायी. वहीं विद्यालय प्रशासन की ओर से परीक्षा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गयी. प्रधानाध्यापक हरिशरण निराला ने बताया कि 12वीं कक्षा की त्रैमासिक परीक्षा आठ जुलाई तक चलेगी. त्रैमासिक परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का मूल्यांकन किया जायेगा. साथ ही, जिन विषयों में छात्र कमजोर पाये जायेंगे, उनमें सुधार के लिए विशेष शैक्षणिक गतिविधियां संचालित की जायेंगी. परीक्षा संचालन में शिक्षक महताब आलम, रंजीत कुमार, शशि रंजन, मो गुलाबुद्दीन, रामाशीष यादव, दिवाकर सिंह, कुलदीप यादव, ईशानी किरण, मधुप्रिया, निधि सिंह आदि ने अपने दायित्वों का निर्वहन किया.

बड़हरिया में परीक्षा देतीं जीएम हाइ स्कूल, बड़हरिया की छात्राएं.

दरौदा में परीक्षा देते छात्र छात्राएं.

दरौदा. प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अध्यनरत सभी छात्रों का त्रैमासिक परीक्षा चल रहा है. शुक्रवार को प्रथम पाली में नवम दशम के लिए गणित और दूसरी पाली में अंग्रेजी की परीक्षा हुई. माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा नवम एवं दसवीं में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए प्रथम त्रैमासिक परीक्षा शुक्रवार को समाप्त हो गया. बता दें कि प्रथम दिन प्रथम पाली में मातृभाषा एवं द्वितीय पाली में द्वितीय भारतीय भाषा की परीक्षा हुई. दूसरे दिन प्रथम पाली में विज्ञान और द्वितीय पाली में सामाजिक विज्ञान तथा अंतिम दिन प्रथम पाली में गणित एवं अंग्रेजी की परीक्षा आयोजित हुई. वहीं 12 वीं के छात्र- छात्राओं का यह परीक्षा 8 जुलाई के बीच संपन्न होंगे. 12 वीं के परीक्षा के तीसरे दिन प्रथम पाली में कला, वाणिज्य एवं विज्ञान के बच्चों का अंग्रेजी वहीं दूसरे पाली में हिंदी की परीक्षा हुई.

11 से 31 तक चलेगा जनसंख्या स्थिरता पखवारा, मिलेंगी नि:शुल्क सुविधाएं

प्रतिनिधि, महाराजगंज

विश्व जनसंख्या दिवस के पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से महाराजगंज में 11 जुलाई से 31 जुलाई तक जनसंख्या स्थिरता पखवारा मनाया जायेगा. इस दौरान महाराजगंज अनुमंडल के सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन सेवाओं के लिए विशेष शिविर लगाये जायेंगे.

पखवारे के दौरान योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन संबंधी परामर्श, जांच और विभिन्न गर्भनिरोधक साधनों की सुविधा प्रतिदिन निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी. अभियान का उद्देश्य बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण के साथ मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना तथा छोटे एवं स्वस्थ परिवार की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाना है. इस संबंध में परिवार नियोजन सलाहकार देवेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों को आवश्यक निर्देश दिए हैं. पखवारे के दौरान योग्य दंपतियों को स्थायी एवं अस्थायी परिवार नियोजन साधनों की विस्तृत जानकारी देने के साथ उनकी आवश्यकतानुसार सेवाएं भी उपलब्ध करायी जायेंगी. उन्होंने बताया कि पुरुष नसबंदी, महिला बंध्याकरण, कॉपर-टी, अंतरा इंजेक्शन, कंडोम, छाया गोली, माला-एन सहित अन्य गर्भनिरोधक साधन शिविरों में उपलब्ध रहेंगे. इससे दंपति अपनी पारिवारिक आवश्यकता के अनुरूप सुरक्षित और उपयुक्त विकल्प का चयन कर सकेंगे. उन्होंने कहा कि वर्तमान में परिवार नियोजन सेवाएं सप्ताह के निर्धारित दिनों में उपलब्ध कराई जाती हैं, लेकिन 11 जुलाई से 31 जुलाई तक अभियान के दौरान यह सुविधा प्रतिदिन निःशुल्क मिलेगी. अधिक से अधिक योग्य दंपतियों से संस्थानों में पहुंचकर इन सेवाओं का लाभ उठाने और परिवार नियोजन के प्रति जागरूक होने की अपील की है.

अनुमंडलीय असपताल में इलाज के लिए पहुंचे लोग.

नियोजन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन राशि का भी प्रावधान किया है. अभियान के तहत पुरुष नसबंदी कराने वाले लाभार्थी को तीन हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी. वहीं महिला बंध्याकरण कराने वाली महिलाओं को भी निर्धारित सरकारी मानकों के अनुसार प्रोत्साहन राशि दी जायेगी. विभाग का मानना है कि आर्थिक प्रोत्साहन से अधिक से अधिक लोग परिवार नियोजन अपनाने के लिए प्रेरित होंगे. स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि बढ़ती जनसंख्या का सीधा प्रभाव संसाधनों, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर पड़ता है. ऐसे में छोटा और संतुलित परिवार न केवल आर्थिक रूप से सशक्त होता है, बल्कि बच्चों को बेहतर शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में भी सहायक होता है. इसी उद्देश्य से जनसंख्या स्थिरता पखवारा के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से गांव-गांव और घर-घर जाकर जनजागरूकता अभियान भी चलाया जायेगा. लोगों को परिवार नियोजन से जुड़े मिथकों और भ्रांतियों को दूर करने के साथ वैज्ञानिक एवं सुरक्षित उपायों की जानकारी दी जाएगी, ताकि क्षेत्र में स्वस्थ, खुशहाल और जिम्मेदार परिवारों की संख्या बढ़ सके.

छपरा से दिल्ली के लिए पांच को चलेगी स्पेशल ट्रेन सीवान में होगा ठहराव

सीवान. यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ और सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे ने छपरा से दिल्ली के लिए एक ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है. रेलवे प्रशासन के अनुसार 05071 छपरा-दिल्ली (वाया गोरखपुर) ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन का संचालन 5 जुलाई 2026 रविवार को एकल यात्रा के लिए किया जायेगा. मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित कुमार के अनुसार यह विशेष ट्रेन छपरा से दोपहर 1:30 बजे रवाना होगी. इसके बाद एकमा 2:02 बजे, सीवान 2:50 बजे, थावे 3:55 बजे, पडरौना 5:22 बजे, रामकोला 5:44 बजे, कप्तानगंज 6:15 बजे, गोरखपुर 7:25 बजे, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा, बुढ़वल, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद होते हुए अगले दिन सुबह 8:40 बजे दिल्ली पहुंचेगी. रेलवे प्रशासन ने बताया कि इस विशेष ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए कुल 14 कोच लगाए जायेंगे. इनमें एक एसएलआरडी, छह सामान्य द्वितीय श्रेणी तथा सात शयनयान कोच शामिल होंगे. रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले ट्रेन के समय और आरक्षण की जानकारी सुनिश्चित कर लें. इस विशेष ट्रेन के संचालन से सीवान, छपरा और आसपास के जिलों के दिल्ली जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है.

सदर अस्पताल परिसर में टीओपी का उद्घाटन

- टीओपी में एक पदाधिकारी व छह जवान हैं तैनात

सीवान. सदर अस्पताल परिसर में शनिवार को सदर अस्पताल टीओपी (टाउन आउट पोस्ट) का उद्घाटन जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय एवं पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा ने संयुक्त रूप से किया. उद्घाटन के साथ ही टीओपी ने अपना कार्य प्रारंभ कर दिया. अस्पताल परिसर में विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा घटना-दुर्घटना से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से इसकी स्थापना की गयी है. इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा ने बताया कि टीओपी में एक पुलिस पदाधिकारी एवं चार पुलिस जवानों की तैनाती की गयी है. उन्होंने कहा कि जिले के सभी 32 थाना क्षेत्रों से सड़क दुर्घटना, मारपीट, आपराधिक घटनाओं एवं अन्य मामलों में घायल अथवा पीड़ित लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जाता है. ऐसे मामलों में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया, घटनाओं का प्रतिवेदन तैयार करने तथा संबंधित थानों के साथ समन्वय स्थापित करने का कार्य अब सदर अस्पताल टीओपी के माध्यम से किया जायेगा. एसपी ने कहा कि टीओपी की स्थापना से अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी. मरीजों, उनके परिजनों तथा चिकित्सकों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के साथ-साथ किसी भी अप्रिय स्थिति में पुलिस की त्वरित मौजूदगी सुनिश्चित होगी. उन्होंने कहा कि इससे अस्पताल में विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहूलियत होगी और घटना-दुर्घटना से जुड़े मामलों के निष्पादन में भी तेजी आयेगी. उद्घाटन समारोह में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, पुलिसकर्मी तथा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे. जिला प्रशासन ने इसे आमजन की सुरक्षा और बेहतर पुलिस व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया.

टीओपी के बाहर मौजुद डीएम व एसपी.

पहले से हो चुकी थी टीओपी की मांग : सदर अस्पताल परिसर में आए दिन वाहन चोरी, मारपीट, हंगामा और अन्य आपराधिक घटनाओं को देखते हुए सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर अस्पताल परिसर में स्थायी पुलिस टीओपी स्थापित करने का अनुरोध किया था. इसके बाद 30 जून को अस्पताल प्रशासन ने मुख्य प्रवेश द्वार के समीप दो कमरे पुलिस विभाग को उपलब्ध करा दिये थे. गुरुवार को सदर अस्पताल में हुई हिंसक घटना के बाद पुलिस प्रशासन ने त्वरित निर्णय लेते हुए शुक्रवार से टीओपी को विधिवत संचालित करने का आदेश जारी कर दिया. पुलिस अधिकारियों का मानना है कि टीओपी शुरू होने से अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगेगा और आपात स्थिति में पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सकेगी.

सूखे कुएं से विषैले रसल वाइपर को निकाल गया

हसनपुरा. एमएच नगर थाना क्षेत्र के कन्हौली गांव स्थित एक सूखे कुएं से वन्यजीव रेस्क्यू टीम ने दुर्लभ एवं अत्यंत विषैले प्रजाति के रसल वाइपर सर्प का सफलतापूर्वक सुरक्षित रेस्क्यू किया. जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बीते कल कुएं के अंदर एक बड़े विषैले सांप को देखा, जिसके बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया. किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए स्थानीय ग्रामीण डॉ धनंजय प्रसाद ने तुरंत रेस्क्यू टीम को

जीविका दीदियों ने प्रभातफेरी निकाल कर मद्यनिषेध अभियान के तहत किया जागरूक

भगवानपुर हाट. प्रखंड क्षेत्र की सहसरांव पंचायत में शुक्रवार को बिहार सरकार के पूर्ण मद्यनिषेध अभियान के तहत नशामुक्त समाज के निर्माण और शराबबंदी कानून के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जीविका दीदियों एवं पंचायत की महिलाओं ने जागरूकता अभियान चलाया. इस दौरान महिलाओं ने गांव की सड़कों पर प्रभात फेरी निकालकर लोगों को शराब एवं अन्य सभी प्रकार के नशीले पदार्थों से दूर रहने का संदेश दिया.

हाथों में तख्तियां लेकर उन्होंने नशे का जो हुआ शिकार, उसका उजड़ा घर-परिवार, नशा को दूर भगायेंगे, घर-घर खुशहाली लायेंगे, जो करेगा नशा, उसकी होगी बुरी दशा तथा शराब है एक ऐसा नशा, जो घर-परिवार की करे दुर्दशा जैसे नारे लगाए. जीविका दीदियों ने ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया. उन्होंने कहा कि जन-जागरूकता, सामूहिक सहभागिता और समाज के सभी वर्गों के सहयोग से ही नशामुक्त बिहार एवं स्वस्थ समाज का सपना साकार किया जा सकता है.

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! | **punjab national bank** ...the name you can BANK upon !

SAM विभाग, अंचल कार्यालय : उज्जवल कॉमप्लेक्स, चाँदमारी चौक, मोतिहारी-845401, ई-मेल : cochamprecovery@pnb.bank.in

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना (ई नीलामी बिक्री सूचना)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना. एतद द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार (ओं) को सूचना दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को संरक्षित / सुरक्षित लेनदार को बंधक/प्रभारित किया गया है, जिसका रचनात्मक /भौतिक/सांकेतिक (जो भी लागू हो) जिसका कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी /प्रतिभूत लेनदार द्वारा लिया गया है. संबंधित उधारकर्ता(ओं) और जमानतदा(रों) से बैंक /सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिये तालिका में उल्लेखित तिथि पर ''जहां भी है'', ''जैसा भी है'', ''जो कुछ भी है'' और ''जिस अवस्था में है'' के आधार पर बेचा जाएगा. सुरक्षित मूल्य और अग्रधन जमा राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दिये गये तालिका में उल्लेखित है.

सुरक्षित संपत्तियों की अनुसूची

ई नीलामी की तिथि : 04.08.2026 (ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 04.08.2026 पूर्वाह्न 11.00 बजे तक)

क्रम सं0	शाखा का नाम / खाता का नाम एवं संख्या / नाम एवं पता उधारकर्ता/ गारंटर के खाते का	बंधक रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/स्वामी का नाम [संपत्ति(यों) के बंधककर्ता]-	ए) मांग सूचना कि तिथि U/S 13(2) / बी) बकाया राशि 13(2) नोटिस तिथि को / सी) कब्जा तिथि U/S 13(4) / डी) कब्जे की प्रकृति- प्रतिकात्मक/भौतिक/रचनात्मक	ए)सुरक्षित मूल्य- / बी) ईएमडी / सी) बीड वृद्धि की राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय	भार का विवरण- सुरक्षित लेनदार
1	**पीएनबी-राजापुर** **रेणु देवी (300200NC00000011)** **रेणु देवी** पति-मंदीप कुमार सोनी, मोहल्ला-पसनौली, थाना रोड, महाराजगंज, सिवान-841238 **मंदीप कुमार सोनी** मोहल्ला-पसनौली, थाना रोड, महाराजगंज, सिवान-841238	निर्माणाधीन आवासीय प्लॉट जिसका क्षेत्रफल 10 धुर या 1.860 डिसमील जिसका मौजा-पिपरा, थाना एवं अंचल-दरौंधा, तौजी नं0-549, थाना नं0-192, खाता नं0-9, खेसरा नं0-679, सब रजिस्ट्री ऑफिस-महाराजगंज, जिला-सिवान-841233 (बिहार). चौहद्दी : उत्तर- वर्तमान खरीददार अमरनाथ साह का प्लॉट, दक्षिण- प्लॉट का निजी अंश, पूरब-उमाशंकर यादव एवं बलिराम यादव, पश्चिम- प्लॉट का निजी अंश, सेल डीड नं0-1663 दिनांक 29.09.2020.	ए) 05.07.2025 बी) रू0 978786.92/- 30.06.2025 को+ब्याज एवं अन्य शुल्क पूर्ण भुगतान तक सी) 29.01.2026 डी) प्रतिकात्मक	ए) रू0 5,12,100/- बी) रू0 51,210 /- सी) रू0 20,000/-	04.08.2026 पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 4.00 बजे तक	ज्ञात नहीं.

नियम व शर्तें : बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों और शर्तों के अधीन होगा और निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा.

1. संपत्तियां ''जहां भी है'', ''जैसा भी है'', ''जो कुछ भी है'' और ''जिस अवस्था में है'' के आधार पर बेची जा रही हैं.
2. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा.
3. बिक्री वेबसाइट https://BAANKNET.COM पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से **04.08.2026 को पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक** अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी और सुरक्षित लेनदार द्वारा पुष्टि की जायेगी.
4. बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया Website https://baanknet.com & www.pnbindia.in पर जाएं.

स्थान-मोतिहारी
दिनांक : 03.07.2026

श्री रंजीत कुमार,
प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक (सुरक्षित लेनदार)

STATUTORY 30 DAYS SALE NOTICE UNDER RULE 8(6) OF THE SARFAESI ACT, 2002

डॉ मुखर्जी के स्मरण पर्व पर बीजेपी का कार्यकर्ता सम्मेलन

बसंतपुर. भाजपा सीवान पूर्वी के तत्वावधान में भारत के महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वें स्मरण पर्व के अवसर पर बीजेपी विधायक देवेश कांत सिंह के गोरेयाकोठी स्थित आवास परिसर के अटल सभागार में शुक्रवार को जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिह, विधायक देवेश कांत सिंह एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया. सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा सिवान पूर्वी के जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद ने किया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं मधुबन के विधायक राणा रणधीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और अखंड भारत के प्रति समर्पण का प्रतीक है. उनके विचार आज भी भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए मार्गदर्शक हैं. हमें उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाकर राष्ट्र निर्माण के संकल्प को और मजबूत करना होगा. संगठन की मजबूती ही देश को सशक्त बनाने का आधार है. विधायक देवेश कांत सिंह ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया. उनका त्याग और बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है. गोरेयाकोठी में आयोजित जिला कार्यकर्ता सम्मेलन संगठन को नई ऊर्जा देगा तथा कार्यकर्ताओं को जनसेवा, राष्ट्रसेवा और संगठन विस्तार के लिए और अधिक प्रेरित करेगा. भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके आदर्शों को लेकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास का संदेश पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है. सम्मेलन में राजीव रंजन पांडेय, प्रमोद तिवारी, ब्रजेश सिंह, सुप्रिया जायसवाल, अवधेश पांडेय, विनय गिरी, रामकुमार सिंह, कालीचरण प्रजापति, रामेश्वर मांझी, अखिलेश पांडेय, त्रिभुवन सिंह, वसी अहमद खान, अखिलानंद सिंह समेत जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी एवं सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का शुभारंभ करते पूर्व मंत्री, विधायक व जिलाध्यक्ष.

मैरवा के कोडरा में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक.

भाजपा का जिलास्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कल

मैरवा. डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 4 जुलाई को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं. इस आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को मैरवा प्रखंड के कोडरा गांव में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई. बैठक के दौरान जिला स्तरीय सम्मेलन की सफलता को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई. भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस सम्मेलन को सफल बनाएं. राजीव कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने कहा कि यह सम्मेलन पार्टी की एकजुटता और आगामी कार्यक्रमों की दिशा तय करने में मील का पत्थर साबित होगा. केंद्रीय मंत्री सहित दिग्गज नेता होंगे शामिल आयोजकों के अनुसार मैरवा स्थित मंगलम मैरिज हॉल में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में भाजपा के कई दिग्गज नेता शिरकत करेंगे. जिसमे केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, सदर विधायक मंगल पांडेय, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी बैठक में शामिल होंगे.